>

Title: Need to construct a four lane National Highway between Chhapra and Gopalganj in Bihar under phase-III of National Highways Development Project.

श्री ओम प्रकाश यादव (सिवान): राष्ट्रीय राजमार्ग विकास योजना फेज-3 के अंतर्गत निर्माणाधीन छपरा से गोपालगंज सड़क मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान एवं पड़ोसी प्रदेश उत्तर प्रदेश की मुख्य सड़क है। यही सड़क भगवान बुद्ध की जन्मस्थली बोधगया तथा भगवान बुद्ध की निर्वाण स्थली कुशीनगर को जोड़ती है। इसी सड़क से प्रतिवर्ष हजारों विदेशी पर्यटक आवागमन करते हैं एवं उत्तर प्रदेश सहित बिहार के गोपालगंज एवं सिवान के नागरिकों के लिए पटना एवं मध्य बिहार जाने हेतु ये मुख्य सड़क है। इस सड़क को चार लेन बनने से हजारों पर्यटक बिहार में आयेंगे और साथ ही उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य प्रदेशों से सिवान, गोपालगंज, छपरा एवं हाजीपुर आने में सुविधा होगी।

अतः मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि जनहित में इस महत्वपूर्ण सड़क को चार लेन में बनाने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश जारी करें।